**तीसरे स्तर की विमान सेवा के लिए आर्थिक भार**

2212. **श्री भगवान देव** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान अजमेर से प्रकाशित "आधुनिक राजस्थान" दिनांक 10 अप्रैल में छपे इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि "तीसरे स्तर की विमान सेवा" आरम्भ करने के आर्थिक उत्तरदायित्व का वहन राजस्थान सरकार द्वारा किया जायेगा;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य सरकारों ने इस उत्तरदायित्व को वहन करना स्वीकार कर लिया है;

(ग) यदि हां, तो राजस्थान सरकार द्वारा आरम्भ में कितना आर्थिक उत्तर-दायित्व लिया जायेगा; और

(घ) राजस्थान के किन-किन नगरो को उपरोक्त विमान सेवा के पहले चरण में जोड़ा जायेगा ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री : (श्री चन्दूलाल चन्द्राकर)** : (क) सरकार द्वारा उक्त प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नही उठते ।

(घ) देश में तीसरी वायु सेवाये चालू करने के प्रश्न की जाच की जा रही है । अभी तक कोई निर्णय नही लिया गया है ।

**पर्वतीय क्षेत्रों के लिए विमान सेवाओं का विस्तार**

2213. **श्री माधवराव सिंधिया** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पर्वतीय क्षेत्रों, विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लिए विमान सेवाओं का विस्तार करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसका विस्तार अनुमानतः कब तक किया जायेगा ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चन्दूलाल चन्द्राकर)**: (क) से (ग). इण्डियन एयरलाइन्स की पहाड़ी क्षेत्रों, विशेषत: हिमाचल प्रदेश के लिए विमान सेवा चालू करने की कोई योजनाएं नहीं हैं । तथापि, उस राज्य में कुछ स्थानों के लिए विमान सेवाएं चालू करने के बारे में तीसरी वायु सेवा के संदर्भ में विचार किया जा सकता है, जिसका प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।

**Setting up of Cashew Board**

2214. SHRI B. K. NAIR: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether strong recommendations and earnest plans have been received by Government from the Cashew Development Directorate and other organisations for setting up a Cashew Board on the lines of the other commodity Boards for encouraging and aborting the coordinated development of the Cashew Planting Industry throughout the country; and

(b) if so, Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI Z. R. ANSARI): (a) Yes, Sir.

(b) Final decision has not yet been taken.

**Export Duty on Cotton**

2215. SHRI MOTIBHAI R. CHAUDHARY: Will the Minister of FINANCE be pleased to state whether the export duty on cotton is proposed to be abolished or reduced in view of the fact that the export duty on cotton hinders its export and farmers do not get reasonable prices therefor?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI R. VENKATARAMAN): No, Sir. No such decision has been taken so far.